<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल व आचार्य नरेन्द्र देव को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक एवं मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने आज जी0पी0ओ0 पार्क स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग अपनी श्रद्धांजलि देने आये थे।

राज्यपाल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल देश ही नहीं दुनिया में लौह पुरूष के नाम से जाने जाते हैं। वे अखण्ड भारत के पक्षधर थे। राज्यपाल ने कहा कि यह संयोग की बात है कि आज लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा विद्या पुरूष आचार्य नरेन्द्र देव की भी जयंती है। आचार्य नरेन्द्र देव प्रखर विचारक, विद्वान एवं शिक्षक थे। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरूषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम एकता के रास्ते पर चले तथा जाति धर्म से ऊपर उठकर देश एवं प्रदेश की उन्नति में योगदान करें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरा देश आज सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन कर रहा है। सरदार पटेल ने आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। देश को एकता के सूत्र में पिरोने में सरदार पटेल की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि उनके बताये रास्ते पर चलकर सभ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी महानुभावों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।